# षोडश

# बिहार विधान सभा

## त्रयोदश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-2

मंगलवार, तिथि $\frac{\text{18 आषाढ़, 1941 (शक)}}{\text{09 जुलाई, 2019 (ई०)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 126

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | शिक्षा विभाग | .. | 76 |
| (2) | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग | .. | 03 |
| (3) | कला, संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग | .. | 17 |
| (4) | समाज कल्याण विभाग | .. | 07 |
| (5) | परिवहन विभाग | .. | 07 |
| (6) | मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग | .. | 07 |
| (7) | विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग | .. | 02 |
| (8) | पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग | .. | 03 |
| (9) | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग | .. | 03 |
| (10) | खान एवं भूतत्व विभाग | .. | 01 |
| | | कुल योग -- | 126 |

स्टेडियम का निर्माण कराना

*512. श्रीमती रिंकी रानी पाण्डेय--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखंड भभुआ के पंचायत स्थित महुअत ग्राम में मोहनड़डवां उत्क्रमित उच्च विद्यालय में आजतक स्टेडियम का निर्माण नहीं हो सका है जिसके कारण वहाँ के बच्चों को 33 किलो मीटर दूर भभुआ स्टेडियम में खेल-कूद हेतु जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शिक्षकों का पदस्थापन करना

*513. श्री विद्या सागर सिंह निषाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोरवा प्रखंड के उच्च विद्यालय, लरूआ में 60 विद्यार्थी एवं उच्च विद्यालय, रघुनाथपुर में 180 विद्यार्थी वर्तमान में अध्ययनरत हैं, पर एक भी शिक्षक नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालयों में विद्यार्थियों के अनुपात में शिक्षकों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का निर्माण कराना

*514. श्रीमती रेखा देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत मसौढ़ी विधान सभा के धनरूआ प्रखंड स्थित श्री राम हरि उच्च विद्यालय, पभेड़ा का चहारदीवारी नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय की चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शैक्षणिक कार्य प्रारंभ करना

*515. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के नौहट्टा प्रखंड के पहड़िया गाँव में सरकार द्वारा निर्मित डिग्री कॉलेज 2 वर्ष पूर्व बनकर तैयार है, परन्तु शैक्षणिक कार्य अभीतक प्रारंभ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त डिग्री कॉलेज में शिक्षकों को नियुक्त करते हुये शैक्षणिक कार्य प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उच्च विद्यालय का निर्माण कराना

*516. श्री राजु तिवारी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा वर्ष 2010 में निर्णय लिया गया है कि प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में एक उच्च विद्यालय का निर्माण किया जायेगा ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत अरेराज प्रखंड के पीपरा एवं बभनौली पंचायत में उच्च विद्यालय नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पंचायतों में उच्च विद्यालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय भवन का निर्माण

*517. डॉ0 अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखंड के जनता उच्च विद्यालय, गंडोल में भवन के अभाव में छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय का भवन निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

वर्गकक्ष निर्माण कराना

*518. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर विधान सभा के बिथान प्रखंड स्थित +2 उच्च विद्यालय, बिथान एवं उच्च विद्यालय, सखवा में समुचित वर्गकक्ष नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त उच्च विद्यालयों में समुचित वर्गकक्ष का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

संगीत विश्वविद्यालय खोलना

*519. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार में कोई भी संगीत विश्वविद्यालय नहीं होने के कारण राज्य के कलाकारों को संगीत की सही शिक्षा के लिये इलाहाबाद (प्रयाग)/वाराणसी जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक राज्य में कला के विकास के लिये एक संगीत विश्वविद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*520. श्री राहुल तिवारी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखंड के ग्राम-लालू डेरा में उत्क्रमित उच्च विद्यालय के भवन का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त उत्क्रमित उच्च विद्यालय के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

वरीयता का निर्धारण करना

*521. श्री अरुण कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि माननीय पटना उच्च न्यायालय ने रिट याचिका संख्या सी0 डब्लू0 जे0 सी0 नं0 10446/2019 में विभाग को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 309 के तहत नियमावली बनाने के बाद ही विद्यालयों के शिक्षकों के बीच वरीयता का निर्धारण करने का निदेश दिया है, यदि हाँ, तो सरकार नियुक्ति तिथि से ही विहित योग्यताधारी शिक्षकों को वरीयता का लाभ देते हुए सेवाशर्त नियमावली कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चहारदीवारी का निर्माण कराना

*522. सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कटिहार जिला के कोढ़ा प्रखंड के कोढ़ा बाजार में प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में चहारदीवारी नहीं होने के कारण विद्यालय की जमीन का अतिक्रमण किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय की अतिक्रमित जमीन को मुक्त कराकर चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय भवन का निर्माण कराना

*523. श्रीमती एज्या यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला में मोहिउद्दीननगर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कुरसाहा का भवन विगत 10 वर्षों से जर्जर है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं का पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई

*524. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत सिंघासो के वार्ड नं0 4 में ग्राम सभा द्वारा दिसम्बर, 2018 में फर्जी अंक पत्र के आधार पर सेविका के पद पर चयनित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त चयन प्रक्रिया के बाद सी0 डी0 पी0 ओ0, बिस्फी द्वारा अपने पत्रांक 143, दिनांक 15 अप्रील, 2019 द्वारा फर्जी अंक पत्र को छुपाकर असली अंक पत्र का सत्यापन हेतु संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना को पत्र भेजा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक सेविका के पद पर चयनित अभ्यर्थी के फर्जी अंक पत्र की जाँच कराकर दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) अस्वीकारात्मक है। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, मधुबनी के पत्रांक 721, दिनांक 26 जून, 2019 के प्रतिवेदनानुसार बिस्फी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत सिंघासों के वार्ड नं0 04 में चयन समिति द्वारा दिनांक 26 दिसम्बर, 2018 को आम सभा से नियमानुसार मधु कुमारी के आवेदन-पत्र के साथ संलग्न शैक्षणिक प्रमाण-पत्र के आधार पर सेविका पद पर चयन किया गया, जिसे पत्रांक 143, दिनांक 15 अप्रील, 2019 के द्वारा संबंधित शैक्षणिक संस्थान को निबंधित डाक से सत्यापन हेतु भेजा गया, सत्यापन प्रतिवेदन अप्राप्त है। पुनः पत्रांक 53 मु0, दिनांक 22 जून, 2019 के द्वारा संबंधित संस्थान को स्मार भेजा गया है ।

(2) अस्वीकारात्मक है। आवेदन में संलग्न अंक पत्र जिसके आधार पर सेविका को चयनित किया गया है उसी अंक पत्र को बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के पत्रांक 143, दिनांक 15 अप्रील, 2019 से सत्यापन हेतु बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना को भेजा गया है।

(3) उपरोक्त खण्डों में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है। सत्यापन के उपरान्त दोषी पाये जाने पर दोषी व्यक्ति पर विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी ।

---

स्टेडियम का निर्माण कराना

*525. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के अस्थावां प्रखण्ड के +2 उच्च विद्यालय, नेरूत में वित्तीय वर्ष 2016-17 में मिनी स्टेडियम का निर्माण हेतु डी0 पी0 आर0 बनाया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्तमान में स्टेडियम निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, जिससे उस क्षेत्र के खेल प्रेमी निराश हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार +2 उच्च विधालय, नेरूत में मिनी स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बस सेवा चालू कराना

*526. श्री सुरेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत औराई प्रखंड के शंभूता चौक, भलुरा चौक, वनवासपुर, बैरिया चौक, पानपुर, रामनगर चौक, औराई चौक होते हुए मुजफ्फरपुर तक परिवहन निगम की बस सेवा नहीं रहने से आम जनता को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों से परिवहन निगम की बस सेवा चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पॉलिटेक्निक कॉलेज खोलना

*527. श्रीमती पुनम देवी यादव--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी अनुमण्डल में पोलिटेक्निक महाविद्यालय खोलने का निर्णय है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 4 जनवरी, 2014 के तत्कालीन खगड़िया जिला परिषद् अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अन्यान्य प्रस्ताव संख्या-04 में जिला परिषद् के टॉचिंग ग्राउण्ड में मथुरापुर मौजा के खेसरा संख्या 1382 से 1391 में 5 बीघा 19 कट्ठा 13 धुर रकबा भू-खण्ड पर खगड़िया जिला-सह-अनुमण्डल मुख्यालय में पॉलिटेक्निक महाविद्यालय खोलने का प्रस्ताव लिया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि इस प्रस्ताव की सूचना जिला परिषद् के ज्ञापांक 77, दिनांक 31 जनवरी, 2014 के द्वारा जिला पदाधिकारी, खगड़िया को दी गयी है इसके बावजूद पोलिटेक्निक कॉलेज खोलने का प्रस्ताव विभाग को नहीं भेजा गया ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जिला परिषद्, खगड़िया द्वारा प्रस्तावित भू-खण्ड पर तकनीकी शिक्षा के लिए पॉलिटेक्निक कॉलेज खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) उत्तर अस्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि राज्य सरकार के सात निश्चय योजना अन्तर्गत प्रत्येक जिले में राजकीय पोलिटेक्निक संस्थान की स्थापना करने का निर्णय लिया गया है।

(2) उत्तर अस्वीकारात्मक है। विभाग को इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। खगड़िया जिला अन्तर्गत अंचल-परबत्ता के मौजा-महद्दीपुर, थाना सं0 349, तौजी सं0 525, खाता सं0 147, खेसरा सं0 614 एवं 623 के कुल रकबा 4.65 एकड़ में पोलिटेक्निक संस्थान की स्थापना की गयी है।

(3) उपरोक्त कंडिका (2) में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है।

(4) उपरोक्त कंडिका (2) में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है।

बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कि प्रतिनियुक्ति करना

*528. श्रीमती समता देवी--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के बाराचट्टी प्रखंड में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का पद रिक्त है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड में कबतक बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कि प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम का निर्माण कराना

*529. श्री (मोहम्मद) नवाज आलम--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के आरा विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत गंगहर पंचायत के कौशिक दुलारपुर गाँव में 5 एकड़ की सरकारी भूमि उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त उपलब्ध भूमि पर स्टेडियम निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शिक्षण कार्य प्रारम्भ कराना

*530. श्री सत्यदेव राम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत दरौली प्रखंड के ग्राम-हरना टाड़ में स्थित मॉडल स्कूल बंद रहने के कारण विद्यालय में उपलब्ध संशाधन की क्षति हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मॉडल स्कूल में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति एवं समुचित संशाधन उपलब्ध कराते हुये शिक्षण कार्य प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्राथमिक विद्यालय खोलना

*531. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत आमस प्रखंड के पंचायत बड़की चिलमी में ग्राम-छतरी आहर एवं पंचायत झरी के ग्राम-कुशा में प्राथमिक विद्यालय नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित गाँवों में प्राथमिक विद्यालय कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम का निर्माण कराना

*532. श्री रविन्द्र सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत अरवल विधान सभा क्षेत्र में एक भी खेल स्टेडियम नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विधान सभा क्षेत्र में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उर्दू की पढ़ाई प्रारम्भ करना

*533. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के दिघवारा प्रखंडान्तर्गत कन्या उच्च विद्यालय, दिघवारा में अध्ययनरत 150 छात्राओं की उर्दू विषय में अभिरूचि रहते हुये भी उर्दू शिक्षकों के अभाव में उक्त विषय की पढ़ाई से वंचित हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में उर्दू शिक्षकों का पदस्थापन कर उर्दू की पढ़ाई प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का पुनर्निर्माण कराना

*534. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के भागलपुर नगर निगम में स्थित इंटरस्तरीय श्याम सुन्दर विद्या निकेतन विद्यालय, भागलपुर का भवन जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय भवन का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

महिला महाविद्यालय की स्थापना

*535. श्री वशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड कोचस के मौजा-रेड़ियां में कॉलेज के नाम से 3 एकड़ 14 डिसमिल अनावाद सर्वसाधारण भूमि है, जिसका खाता सं०-158, चक सं०-465 एवं खेसरा सं० 512, 513, 514, 515, एवं 516 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण क्षेत्र में महिला महाविद्यालय नहीं होने के कारण छात्राएँ उच्च शिक्षा से वंचित रह जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भूमि पर महिला महाविद्यालय की स्थापना कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

छात्रावृत्ति राशि का भुगतान

*536. श्रीमती कुंती देवी--क्या मंत्री, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि चाणक्या विधि महाविद्यालय, पटना से अध्ययनरत पिछड़ी जाति के कुछ छात्रों को छात्रवृत्ति वर्ष 2016-17 में मात्र छः हजार एक सौ बीस रुपया (6,120) खाता में दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वित्तीय वर्ष में छात्रों की शेष छात्रवृत्ति राशि अभीतक लंबित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष बचे छात्रों को छात्रवृत्ति राशि भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्राथमिक विद्यालय खोलना

*537. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत आमस प्रखण्ड के पंचायत बड़की चिलमी में ग्राम मठ पर एवं बलखोरा में प्राथमिक विद्यालय नहीं रहने से वहां के बच्चों को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित गाँवों में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्रतिनियुक्ति करना

*538. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखण्ड के उच्च विद्यालय, रौंगता एवं कसबा प्रखण्ड के उच्च विद्यालय, गढ़बनैली में विगत 5 वर्षों से स्थायी प्रधानाध्यापक नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त उच्च विद्यालयों में स्थायी प्रधानाध्यापक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्टेडियम का निर्माण कराना

*539. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत चकाई प्रखण्ड के कोराने ग्राम एवं सोनो प्रखण्ड के रहियारी ग्राम में स्थित विद्यालयों के मैदान में स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति मिलने के बावजूद आजतक स्टेडियम नहीं बना है, जिससे छात्र/छात्राओं को खेल-कूद में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों विद्यालयों के मैदानों में स्टेडियम निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पठन-पाठन शुरू करना

*540. श्री सत्यदेव राम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत आन्दर प्रखण्ड के ग्राम-जैजोर में स्थित बुनियादी विद्यालय के नवनिर्मित भवन में पठन-पाठन का कार्य प्रारम्भ नहीं होने के कारण असामाजिक तत्वों का बसेरा बन गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में पठन-पाठन का कार्य शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

आवासीय दर पर करना

*541. श्रीमती आशा सिन्हा--क्या मंत्री, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिला के चान्दन प्रखंड अन्तर्गत सिलजोरी पंचायत के अधीन काँवरिया पथ ग्रामीण क्षेत्र का पथ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि काँवरिया पथ पर स्थित जमीन का निबंधन फीस कामर्शियल लिया जाता है जबकि उक्त पथ पर न तो कोई उद्योग न कोई करखाना है तथा वहां के किसान खेती पर ही निर्भर है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ पर पड़ने वाली जमीन का निबंधन जिला अवर निबंधन पदाधिकारी, बाँका द्वारा विभागीय पत्रांक 10, दिनांक 28 फरवरी, 2018 का हवाला देते हुये कामर्शियल दर से निबंधन करते हैं, जो उक्त पत्र के कंडिका 2 के विरुद्ध है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों के हित में उक्त पथ पर पड़नेवाली जमीन का निबंधन आवासीय दर पर करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कदम उठाना

*542. श्रीमती पुनम देवी यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के विद्यालयों में मिड-डे-मील की वर्ष 2019 रैंकिंग मध्याह्न भोजन योजना निदेशालय द्वारा सर्वेक्षण एवं निगरानी करवाई गयी जिसके प्रतिवेदन में खगड़िया जिला का प्रदर्शन सबसे निचले स्तर पर रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला में विद्यालयों और आँगनबाड़ी केन्द्रों पर मध्याह्न भोजन तय मानक के अनुरूप वितरित नहीं की गयी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खगड़िया जिला में मिड-डे-मील बच्चों के स्वास्थ्य के अनुकुल वितरित करने हेतु कौन-सी ठोस कदम उठाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय की स्थापना

*543. श्री प्रकाश वीर--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के मेसकौर प्रखंड में प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय नहीं है, जिससे बच्चियों उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड में प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पठन-पाठन प्रारम्भ करना

*544. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर विधान सभा क्षेत्र के हूरहा ग्राम स्थित नवसृजित प्राथमिक विद्यालय एवं राजबरिया कला ग्राम स्थित नवसृजित प्राथमिक विद्यालय भवन विहीन होने के कारण बगल के विद्यालय में हस्तांतरित कर दिया गया है, जिससे उक्त विद्यालय के बच्चों को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय सहित सभी नवसृजित प्रा० विद्यालयों का भवन निर्माण कराकर सृजित जगह पर ही पठन-पाठन प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## स्टेडियम का निर्माण

*545. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला सीवान के प्रखंड बसंतपुर में उच्चत्तर मा० विद्यालय, बसंतपुर में स्थित क्रीड़ा मैदान स्टेडियम निर्माण की अहर्ता रखता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय स्थित क्रीड़ा मैदान में स्टेडियम निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

**प्रभारी मंत्री**--उत्तर स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि सीवान जिलान्तर्गत बसंतपुर प्रखंड में स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति हेतु जिला पदाधिकारी, सीवान से विभागीय पत्रांक 524, दिनांक 15 मई, 2017, पत्रांक 1346, दिनांक 8 दिसम्बर, 2017, प्रथम स्मार 89, दिनांक 18 जनवरी, 2018, द्वितीय स्मार 591, दिनांक 11 अप्रील, 2018, तृतीय स्मार 1052, दिनांक 16 जुलाई, 2018, पत्रांक 1602, दिनांक 22 नवम्बर, 2018, पत्रांक 174, दिनांक 7 फरवरी, 2019, पत्रांक 476, दिनांक 7 मई, 2019 एवं पत्रांक 671, दिनांक 21 जून, 2019 द्वारा प्रस्ताव की माँग की गयी है ।

प्रस्ताव प्राप्त होते ही विभागीय मानक के अनुरूप निर्विवाद सरकारी भूमि उपलब्ध होने पर स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति पर विचार किया जायेगा ।

---------

## कार्रवाई करना

*546. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत किशनपुर पंचायत की आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 64 में पोषाहार का वितरण प्रावधान के अनुसार नहीं किया जाता है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का पदस्थापन

*547. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बनकटवा प्रखंड में विगत चार वर्षों से प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का पद रिक्त है, जिसके कारण शिक्षा संबंधी सरकारी कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पर्याप्त कक्षा का निर्माण कराना

*548. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत भागवत ठाकुर उच्च विद्यालय, किशनपुर तथा राजमणि उच्च विद्यालय, भोरे शहपुर में छात्र-छात्राओं के अनुपात में वर्गकक्ष नहीं रहने के कारण बच्चों को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालयों में पर्याप्त वर्गकक्ष का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## मॉडल विद्यालय का दर्जा देना

*549. श्री गुलाब यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर प्रखंड के केजरीवाल उच्च विद्यालय, झंझारपुर में छात्रों की संख्या दो हजार से अधिक है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय को मॉडल स्कूल बनाने की घोषणा सरकार द्वारा वर्ष 2013 ई० में किया गया था;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कर मॉडल विद्यालय का दर्जा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## अतिक्रमण मुक्त कराना

'क'-*550. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के लौरिया प्रखंड स्थित चम्पा कुंवर (+2) विद्यालय की जमीन का असमाजिक तत्व द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है, जिसके कारण उक्त विद्यालय का विस्तार नहीं होने से स्थानीय छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि उक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## शिक्षकों का पदस्थापन

*551. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बोधगया प्रखंड के मोचारिम पंचायत स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, मोचारिम एवं टनकुप्पा प्रखंड के उतलीबारा, पंचायत स्थित उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, उतलीबारा में विषयवार शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालयों में विषयवार शिक्षकों की पदस्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## शैक्षणिक कार्य शुरू कराना

*552. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर शहर में स्थित यतीन्द्र नाथ अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय में वर्ष 2004 से शैक्षणिक कार्य बंद है;

(2) क्या यह बात सही है कि माननीय उच्च न्यायालय, पटना में 2010 में राज्य सरकार को उक्त महाविद्यालय में शैक्षणिक कार्य शुरू करने का निदेश दिया था, लेकिन आजतक शैक्षणिक कार्य शुरू नहीं हो सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या-सरकार उक्त महाविद्यालय में माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में शैक्षणिक कार्य शुरू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क'-गृह विभाग के पत्रांक 2602, दिनांक 26 जून, 2019 द्वारा शिक्षा विभाग में स्थानान्तरित ।

अधिसूचना प्रकाशित करना

*553. श्री अरूण कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 2006 से राज्य के माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों में 10 वर्षों से अधिक दिनों से कार्यरत स्नातकोत्तर प्रशिक्षित (एम० ए०, एम० एस सी० एवं एम० कॉम० प्रशिक्षित) शिक्षकों को किसी प्रकार की प्रोन्नति नहीं दी गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि 2015 में सरकार द्वारा शिक्षकों के सेवाशर्त निर्धारण संबंधी अधिसूचना जारी नहीं किए जाने से शिक्षकों को पेंशन, भविष्य निधि, अर्जित अवकाश आदि सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नियोजित शिक्षकों के लिये चार वर्षों से लंबित सेवाशर्त नियमावली की अधिसूचना प्रकाशित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

अनुदान देना

*554. श्रीमती रंजु गीता--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के प्रखंड बोखड़ा अन्तर्गत पंचायत बुधनगरा में रामेश्वर युगेश्वरी उच्च विद्यालय (वित्त रहित विद्यालय) से प्रति वर्ष लगभग 500 परीक्षार्थी मैट्रिक की परीक्षा में भाग लेकर जिला में सबसे बेहतर रिजल्ट के बावजूद विद्यालय का 2014 से सरकार द्वारा अनुदान लंबित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक रामेश्वर युगेश्वरी उच्च विद्यालय (वित्त रहित विद्यालय), बुधनगरा को अनुदान देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*555. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में संचालित कोचिंग संस्थानों में सरकार द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करना है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले कोचिंग संस्थानों के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*556. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के मोहम्मदपुर नगर पंचायत आदिवासी टोला के हसनगंज कॉलोनी, नारियलबाड़ी में देशी शराब का निर्माण कर खुलेआम बिक्री की जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक शराब बनाकर बिक्री करनेवालों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराना

*557. श्री उमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के जन्दाहा प्रखण्ड अन्तर्गत पानापुर में बाबा बटेश्वर नाथ का ऐतिहासिक मंदिर है, जहाँ प्रत्येक वर्ष शिवरात्री में एक माह तक मेला का आयोजन होता है,यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आवासीय विद्यालय खोलना

*558. श्री शिवचंद्र राम--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महुआ और महनार अनुमंडल में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति आवासीय विद्यालय नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित अनुमंडल में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति आवासीय विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

शिथिलता का औचित्य

*559. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विभाग के योजना मद में वर्ष 2016-17 में बजट प्रावधान 51.80 करोड़ के विरुद्ध 23.47 करोड़, 2017-18 में बजट प्रावधान 57.95 करोड़ के विरुद्ध 33.45 करोड़ और 2018-19 में बजट प्रावधान 44.40 करोड़ के विरुद्ध मात्र 19.50 करोड़ रुपये ही खर्च हुये जिसके कारण स्टेडियम, मल्टी जिम, ओपन जिम, स्पोर्ट्स एक्सलेन्स सेंटर, व्यायामशाला आदि का निर्माण नहीं हो सका, यदि हाँ, तो इस तरह की शिथिलता का क्या औचित्य है ?

प्रभारी मंत्री--उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्न में उल्लेखित राशि विभाग के विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रम के कार्यान्वयन से संबंधित है । बजट उपबंधित राशि के अंतर्गत खेलकूद तथा युवा सेवाएं प्रक्षेत्र के लिये विभागीय बजट (मांग संख्या-08) में वर्ष 2016-17 में उपबंधित राशि रु० 960.00 लाख के विरुद्ध रु०627.50 लाख, वर्ष 2017-18 में उपबंधित राशि रु० 183.00 लाख के विरुद्ध रु० 1315.16 लाख एवं वर्ष 2018-19 में उपबंधित राशि रु० 1750.00 लाख के विरुद्ध रु० 883.91 लाख का व्यय विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन पर किया गया ।

खेल संरचना (स्टेडियम, मल्टी जिम, स्पोर्ट्स एक्सलेंस सेन्टर, व्यायामशाला भवन आदि) के निर्माण संबंधी योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु भवन निर्माण विभाग के मांग संख्या 03 के अधीन राशि का प्रावधान किया जाता है । विभागीय स्वीकृति के उपरांत निर्माण कार्यों के कार्यान्वयन पर राशि का व्यय भवन निर्माण विभाग द्वारा किया जाता है । निर्माण कार्यों के कार्यान्वयन पर वर्ष 2016-17 में उपबंधित राशि रु० 3900.00 लाख के विरुद्ध रु० 3418.00 लाख, वर्ष 2017-18 में उपबंधित राशि रु० 9300.00 लाख के विरुद्ध रु० 8499.46 लाख तथा वर्ष 2018-19 में उपबंधित राशि रु० 15000.00 लाख के विरुद्ध रु० 13565.13 लाख का व्यय किया गया है ।

सरकार खेल एवं खेल संरचना के विकास पर गम्भीर है और इसमें किसी प्रकार की शिथिलता नहीं करायी जा रही है ।

---------

विद्यालय का उत्क्रमण

*560. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के पकरीबरावां प्रखण्ड अन्तर्गत धमौल बाजार में उच्च शिक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है, जिस कारण छात्र एवं छात्राएँ उच्च शिक्षा से बँचित हैं, यदि हाँ, तो सरकार मध्य विद्यालय, धमौल को इंटर विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

चहारदीवारी निर्माण कराना

*561. श्रीमती बेबी कुमारी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के बोचहाँ विधान सभा अंतर्गत मुशहरी प्रखंड के जमालाबाद में स्थित उच्च विद्यालय एवं बोचहाँ प्रखंड के उनसर उच्च विद्यालय में चहारदीवारी नहीं होने से पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित विद्यालयों का चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम का निर्माण कराना

*562. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बंजरिया प्रखंड अन्तर्गत पचरूखा मध्य पंचायत स्थित डॉ0 जाकिर हुसैन हाई स्कूल में स्टेडियम का निर्माण के लिये सरकारी भूमि उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में स्थित सरकारी भूमि पर मिनी स्टेडियम निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

वर्ग कक्ष निर्माण कराना

*563. श्री जीवेश कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के जाले प्रखंड अन्तर्गत +2 श्री रामजी प्रिया उच्च विद्यालय, जोगियारा में नौवीं एवं दसवीं वर्ग में कुल नामांकित छात्र-छात्राओं की संख्या 420 है;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालय में पठन-पाठन के लिए सिर्फ 2 वर्ग कक्ष है;

(3) क्या यह बात सही है कि वर्ग कक्ष के अभाव में नौवीं एवं दसवीं वर्ग के अलग-अलग सेक्सन के छात्र-छात्राओं को एक दिन बीच करके पठन-पाठन कराया जाता है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार +2 श्री रामजी प्रिया उच्च विद्यालय, जोगियारा में वर्ग कक्ष का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पर्यटक स्थल बनाना

*564. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिले के रोहतास प्रखंड के पीपड़डीह पंचायत एवं रोहतास गढ़ पंचायत के आथम, हसड़ी, नागाटोली, सड़की गाँव एवं कैमूर के अधौरा प्रखंड मुख्यालय से 25 कि0मी0 दूर सारोदाग, 09 कि0मी0 दूरी पर झरपा एवं भगवानपुर प्रखंड में मकड़ी खोह में शैलचित्र एवं शैलाशल्य मौजूद है;

(2) क्या यह बात सही है कि रोहतास के कैमूर के पहाड़ियों पर बसे गाँव के अगल-बगल लगभग 100 शैलचित्र अवस्थित है, पुरातत्व विभाग को पत्र के द्वारा जानकारी देने के बावजूद इस सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिए कोई पहल अभीतक नहीं की है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इस सांस्कृतिक विरासत को बचाने के लिए टीम गठित कर इसकी सुरक्षा एवं रख-रखाव करने एवं राष्ट्रीय स्तर का स्थल बनाने की अनुशंसा करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

आवासीय विद्यालय स्थापित करना

*565. श्री शिवचन्द्र राम--क्या मंत्री, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी प्रखण्डों में एक अति पिछड़ा वर्ग आवासीय विद्यालय खोलने की सरकार की योजना है;

(2) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राजापाकर, सहदेई, देसरी प्रखण्ड सहित जिला के किसी प्रखण्ड में अति पिछड़ा वर्ग आवासीय विद्यालय अभीतक नहीं खोला गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त जिला के सभी प्रखण्डों में अति पिछड़ा वर्ग आवासीय विद्यालय स्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) अस्वीकारात्मक ।

(2) वस्तुस्थिति यह है कि पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अधीन वर्तमान में पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग की छात्राओं के लिए कुल 12 (बारह) अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय संचालित है वर्ग 6 से 12 तक की कक्षाएँ संचालित की जाती है ।

प्रखण्डस्तर पर आवासीय विद्यालय खोलने का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

(3) उपर्युक्त कंडिकाओं में वस्तुस्थिति स्पष्ट है ।

----------

भवन निर्माण कराना

*566. श्री (मो०) शाहनवाज आलम--क्या मंत्री, मद्य निषेध, उत्पादन एवं निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकिहाट प्रखंड में स्थित निबंधन कार्यालय का अपना भवन नहीं होने के कारण निबंधन कार्यालय दिनांक 6 मार्च, 1987 से निजी भवन में चल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त निबंधन कार्यालय का भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

नियुक्ति करना

*567. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, लालपुर मझुआ में एक भी शिक्षक नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

नियुक्ति करना

*568. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के बौसी पंचायत के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, बौसी में एक भी शिक्षक नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

डिग्री कॉलेज खोलना

*559. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के बीरपुर प्रखंड में डिग्री महाविद्यालय नहीं रहने के कारण उक्त प्रखण्ड के छात्रों को उच्चस्तर की शिक्षा के लिये परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बीरपुर प्रखण्ड में डिग्री महाविद्यालय की स्थापना का विचार रखती है, नही, तो क्यों ?

प्रोन्नति रद्द करना

*570. श्री राम विशुन सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभागीय अधिसूचना संख्या 3527, दिनांक 27 जून, 2018 द्वारा प्रोन्नति की अर्हता का पालन करने वाले 28 सी0डी0पी0ओ0 को जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के पद पर प्रोन्नति देकर नियुक्त किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभागीय अधिसूचना संख्या 459, दिनांक 24 जनवरी, 2019 द्वारा प्रोन्नति की अर्हता संबंधी मापदंड पूरा नहीं करने वाले 06 सी0डी0पी0ओ0 को पूर्व की तिथि 27 जून, 2018 से ही जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के पद पर प्रोन्नति द्वारा नियुक्त किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रोन्नति संबंधी अर्हता का पालन नहीं करने वाले खंड (2) में वर्णित सी0डी0पी0ओ0 को जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के पद पर दी गयी प्रोन्नति को रद्द करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय का भवन निर्माण कराना

*571. श्रीमती समता देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के बाराचट्टी प्रखंड के पतलूका पंचायत के ग्राम-धनगाई में स्थित उच्च विद्यालय का भवन जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त उच्च विद्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बस सेवा चालू कराना

*572. श्री सुरेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत औराई प्रखंड के महिसबारा, अतरार, अमनौर चौक से झिटकहिया, हथौड़ी, छपरा चौक NH77 होते हुये मुजफ्फरपुर तक परिवहन निगम की बस सेवा नहीं रहने से आम जनता को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों से परिवहन निगम की बस सेवा चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सरकारी बस सेवा शुरू करना

*573. श्री लाल बाबू राम--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत प्रखंड सकरा से पटना एवं मुजफ्फरपुर जिले के लिये एक भी सरकारी बस का परिचालन नहीं होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड से पटना के लिये सरकारी बस सेवा शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ठोस व्यवस्था करना

*574. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना शहर में बुलेट मोटरसाइकिल के साथ अन्य कई प्रकार की मोटरसाइकिलों में कम्पनी फिटेड साईलेंसरों को आवाज बढ़ाने के लिये बदलवाया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बुलेट मोटरसाइकिल के साथ अन्य मोटरसाइकिल तो फायरिंग जैसी भयानक आवाज निकालने वाले हैं, जिससे बच्चों, मरीजों, वृद्धजनों तथा सड़कों पर चल रही बच्चियों को बहुत असुविधा का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ऐसे सभी मोटरसाइकिल धारकों पर कठोर कार्रवाई करते हुये शहर को ध्वनि प्रदूषण से मुक्त कराने हेतु ठोस व्यवस्था करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कार्य पूर्ण कराना

*575. श्री मुद्रिका प्रसाद राय--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर प्रखंड स्थित ग्राम-परसा एवं लौंवा में वित्तीय वर्ष 2013-14 में आँगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था, परंतु अभीतक उक्त दोनों भवन अर्द्धनिर्मित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित दोनों आँगनबाड़ी केन्द्र के भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बस का परिचालन कराना

*576. श्री (मो0) तौसीफ आलम (52)--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरपुर प्रखंड में एल0आर0पी0 चौक पर सरकारी बस स्टैंड स्थापित है लेकिन कोचाधामन एवं टेढ़ागाछी प्रखंडों के लिये सरकारी बस का परिचालन नहीं किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंडों के लिये सरकारी बस का परिचालन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण कराना

*577. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड कराकाट, ग्राम-विशुनपुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय, विशुनपुर जर्जर अवस्था में है, जिसके कारण पठन-पाठन हेतु छात्र-छात्राओं को दूसरे विद्यालय में जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नये पौधे लगाना एवं कार्रवाई करना

*578. श्री (मो0) नेमतुल्लाह--क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला में विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2010-11 से वित्तीय वर्ष 2013-14 तक सरकारी भूमि पर लगाये गये पौधों में से विभागीय पदाधिकारी की लापरवाही के कारण 90 फीसदी पौधे मृतप्राय हो गये हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जिले में नये पौधे लगाने एवं शिथिलता बरतने वाले विभागीय पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चहारदीवारी का निर्माण

*579. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखंड अन्तर्गत रधाउर उच्च विद्यालय में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण आवारा पशुओं का आवागमन होने से अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

छात्रावास का संचालन कराना

*580. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव प्रखण्ड में 6 वर्ष पूर्व अनुसूचित जाति आवासीय छात्रावास की स्थापना करायी गयी थी, जिसका भवन निर्माण के बावजूद संचालन आजतक नहीं हो सका है, जिससे छात्राओं को कठिनाई हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त आवासीय छात्रावास का संचालन कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बस का परिचालन

*581. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला मुख्यालय से हरसिद्धि प्रखंड जाने हेतु राज्य परिवहन निगम द्वारा बस नहीं चलाये जाने के कारण निजी वाहनों द्वारा मनमाना किराया वसूला जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पूर्वी चंपारण जिला मुख्यालय से हरसिद्धि प्रखंड जाने हेतु सरकारी बस चलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करना

*582. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, घाघरा में विषयवार शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति नहीं होने से छात्रों को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में विषयवार शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन निर्माण कराना

*583. श्री विजय शंकर दुबे--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि छपरा जिला अंतर्गत जलालपुर प्रखंड के महंथ मेंथी भगत उच्च विद्यालय तथा इंटर कॉलेज, कुमना का भवन निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त उच्च विद्यालय एवं इंटर कॉलेज का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विषयवार शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति

*584. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले में +2 में उत्क्रमित किये गये किसी भी विद्यालयों में विषयवार शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं, यदि हाँ, तो सरकार +2 में उत्क्रमित विद्यालयों में विषयवार शिक्षक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उच्च विद्यालय का निर्माण कराना

*585. श्रीमती रिंकी रानी पाण्डेय--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखण्ड रामपुर में बालिका उच्च विद्यालय नहीं रहने के कारण छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखण्ड के ग्राम-बेलांव में बालिका उच्च विद्यायल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चहारदीवारी का निर्माण कराना

*586. श्री अमीत कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रीगा प्रथम पंचायत के मध्य विद्यालय, मझौरा का चहारदीवारी नहीं रहने से अध्यापन कार्य में व्यवधान पैदा होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय का चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय भवन का निर्माण कराना

*587. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत दक्षिणी कांटाकोश पंचायत के अलीनगर दियारा में स्थित प्राथमिक विद्यालय, अलीनगर के नाम से 0.40 एकड़ जमीन है, लेकिन विद्यालय का भवन नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

टोला सेवक की नियुक्ति करना

*588. श्री प्रकाश वीर--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के मेसकौर प्रखंड में टोला सेवक की नियुक्ति नहीं की गई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड में टोला सेवक की नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम का निर्माण कराना

*589. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के काशीचक प्रखंड अन्तर्गत इंटर विद्यालय, चंडीनोवां में एक खेल मैदान है, जिसमें खेल कार्यक्रम का आयोजन होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कमरे का निर्माण कराना

*590. श्रीमती रेखा देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत धनरूआ प्रखंड में श्री राम हरि उच्च विद्यालय, पभेड़ा में पर्याप्त कमरे नहीं रहने से अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में छात्र-छात्राओं के हित में पर्याप्त मात्रा में कमरे का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना

*591. श्री चन्दन कुमार --क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अलौली प्रखंड के ईमनी एवं कृषि फार्म की खाली जमीन पर इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना के लिये स्थल का चयन कर जिला स्तर से कृषि विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु 2 वर्ष पूर्व सरकार को पत्र भेजा गया था, जो अभीतक लंबित है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित में कबतक अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त कर इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

छात्रावास का निर्माण

*592. श्रीमती रंजु गीता--क्या मंत्री, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखंड बाजपट्टी में पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के बच्चों के लिये छात्रावास नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित पंचायत में पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के बच्चों के कल्याण हेतु छात्रावास का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक । वस्तुस्थिति यह है कि वर्तमान में पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिये 11 अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिये 15 जननायक कर्पूरी ठाकुर कल्याण छात्रावास संचालित है । सीतामढ़ी जिला में जननायक कर्पूरी ठाकुर कल्याण छात्रावास भवन का संचालन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है । उक्त छात्रावास में बाजपट्टी प्रखंड के पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राएँ भी आवासित रह सकते हैं ।

--------

सर्किल रेट कम करना

*593. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर अंचल अन्तर्गत मौजा वृन्दावन, थाना नं० 163 के जमीन का बाजार मूल्य न्यूनतम मूल्यांकन पंजी में दर्ज सर्किल रेट से कम होने के क्रेता-बिक्रेता को भारी कठिनाई हो रही है तथा सरकार का राजस्व की हानि हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार सर्किल रेट को कम करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*594. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखंड स्थित भरगामा पंचायत में स्वीकृत नया प्राथमिक विद्यालय, नरपत नगर टंगराहा टोले मंगरौन की रजिस्ट्री केवाला दिनांक 30 अप्रील, 2014 के माध्यम से खाता नं० 239, खेसरा नं० 2549/2550/2430, रकबा चार कट्ठा जमीन उपलब्ध रहने के बावजूद वर्णित विद्यालय में आजतक भवन का निर्माण नहीं हुआ है, जिसके कारण बच्चे पेड़ों के नीचे बैठकर पढ़ने को मजबूर हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की पदस्थापना

*595. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के बनमंखी प्रखंड में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का पद 3 वर्षों से रिक्त है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की पदस्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन निर्माण कराना

*596. श्री अलोक कुमार मेहता--क्या मंत्री, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत दलसिंहसराय का निबंधन कार्यालय जर्जर होने के कारण शहरी क्षेत्र के बाहर किराये के मकान में चल रहा है, जिसके कारण लोगों को वहाँ पहुँचने में परेशानी होती है, साथ ही सरकार को राजस्व की हानि उठानी पड़ रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि पुराना निबंधन कार्यालय परिसर का एक चौथायी जमीन अतिक्रमण का शिकार है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निबंधन कार्यालय परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराते हुये भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पठन-पाठन प्रारंभ करना

*597. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के कुटुम्बा प्रखंड अन्तर्गत बैरौंव, मटपा, घेठड़ा पंचायतों में +2 विद्यालय भवन बनकर तैयार होने के बावजूद उक्त विद्यालयों में अबतक पठन-पाठन का कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त निर्मित भवनों में पठन-पाठन का कार्य प्रारम्भ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

डिग्री कॉलेज खोलना

*598. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के हसनपुर प्रखंड में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं रहने से छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड में डिग्री कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

बस सेवा प्रारंभ करना

*599. श्री सचिन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर विधान सभा के मुख्यालय, कल्याणपुर से राज्य मुख्यालय, पटना तक यात्रियों की सुविधा के लिये सरकारी बस सेवा उपलब्ध नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक कल्याणपुर से पटना तक के लिये सरकारी बस सेवा प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

वायु प्रदूषण पर रोक लगाना

*600. श्री अनिल सिंह--दिनांक 29 मई, 2019 को स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''धुएं से ज्यादा धूल के कारण लोग हो रहे अस्थमा का शिकार'' के आलोक में क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना स्थित पी० एम० सी० एच०, आई० जी० आई० एम० एस०, एम्स और एन० एम० सी० एच० के टी० बी० एवं चेस्ट विभाग की ओ० पी० डी० में आने वाले मरीजों में 45 फीसदी दम्मा के मरीज वायु प्रदूषण के शिकार होते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि वायु प्रदूषणजनित बीमारियाँ राज्य में महामारी का रूप ले रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार वायु प्रदूषण पर रोक लगाने हेतु कौन-से कदम उठाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्टेडियम का निर्माण

*601. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड काराकाट के ग्राम सरेया में खेल का मैदान है, उक्त खेल मैदान पर क्रिकेट टूर्नामेंट एवं फूटबॉल मैच का आयोजन होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्राम में स्थित खेल के मैदान में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*602. श्री चन्द्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पूसा प्रखंड स्थित जनता उच्च विद्यालय,अख्तियारपुर चन्दौली के 8 कि० मी० की परिधि में कोई भी इंटरस्तरीय विद्यालय नहीं होने से छात्र-छात्राएँ उच्च शिक्षा ग्रहण करने से वंचित हो रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित विद्यालय को इंटरस्तरीय विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

रोक हटाना

*603. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विभागीय निर्देशानुसार अपनी जमीन में भी मिट्टी काटने पर रोक रहने के कारण आमलोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मिट्टी काटने पर रोक हटाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

महिला कॉलेज का निर्माण

*604. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि तरारी विधान सभा के पीरो अनुमंडल में महिला महाविद्यालय स्वीकृत किया गया है, परंतु उक्त महाविद्यालय का भवन निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त महिला महाविद्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदाधिकारी पर कार्रवाई

*605. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अंतर्गत पूर्णियाँ पूर्व प्रखंड के बेलौरी स्थित औंचित साह उच्च विद्यालय में 12 वर्ष पूर्व बने महादलित छात्रावास को अभीतक विद्यालय प्रशासन को सौंपा नहीं गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक महादलित छात्रों के हित में उक्त छात्रावास को विद्यालय प्रशासन को सौंपने तथा भवन हस्तांतरण नहीं करने वाले पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्टेडियम का निर्माण कराना

*606. मो० शाहनवाज आलम--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार ने 2008-09 में निर्णय लिया था कि प्रत्येक प्रखंड स्तर पर खेल-कूद को प्रोत्साहन देने हेतु एक स्टेडियम का निर्माण किया जायेगा, परंतु अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड में सरकार द्वारा उक्त निर्णय के आलोक में स्टेडियम का निर्माण आजतक नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रदूषण से बचाना

*607. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के दुर्गावती प्रखंड के छाँव पंचायत में स्थापित उद्योगों से प्रदूषण होने के कारण उक्त क्षेत्र के निवासियों को फेफड़ों में संक्रमण हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त क्षेत्र में स्थापित उद्योगों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिये कौन-सा उपाय करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## प्रबंध समिति का गठन

*608. श्री विजय शंकर दुबे--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के सिसवन प्रखण्ड स्थित संस्कृत मध्य विद्यालय, महादेव स्थान मेंहदार में विगत पाँच वर्षों से प्रबंध समिति गठित नहीं होने के कारण उक्त विद्यालय में पढ़ाई एवं विकास कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में प्रबंध समिति का गठन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## उत्क्रमण करना

*609. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत विसनपुर पंचायत में एक उच्च विद्यालय, है जो आनन्द मार्ग संस्थान द्वारा संचालित है, जिसमें सभी धर्म के लोग शिक्षा ग्रहण नहीं करते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि पंचायत के इन्द्रसैना ग्राम में स्थित म० वि० को उच्च विद्यालय में उत्क्रमण हेतु जमीन उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त म० वि० को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## विद्यालय भवन का निर्माण कराना

*610. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के टिकारी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत टिकारी के वार्ड नं० 11 में स्थित प्राथमिक विद्यालय का अपना भवन नहीं रहने के कारण सोन शिविर में वर्षों से संचालित हो रहा है, जिसके कारण कक्षा में बच्चों की उपस्थिति एवं कक्षा संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्राथमिक विद्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## शिक्षकों का पदस्थापन

*611. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखण्ड के नौडीहा झुरांग पंचायत के नौडीहा ग्राम में स्थित मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमण सरकार द्वारा वर्ष 2010 में स्वीकृत किया गया है, परन्तु उक्त उत्क्रमित उच्च विद्यालय में विषयवार शिक्षकों का पदस्थापना नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में विषयवार शिक्षकों को पदस्थापित कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम का निर्माण कराना

*612. श्री यदुवंश कुमार यादव--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा सभी प्रखंडों में एक स्टेडियम निर्माण कराये जाने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बत सही है कि सुपौल जिला के किसनपुर एवं पिपरा प्रखंड में एक भी स्टेडियम का निर्माण नहीं कराया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि पिपरा प्रखंड स्थित उच्च विद्यालय, रतौली एवं किसनपुर प्रखंड अवस्थित उच्च विद्यालय, किसनपुर में स्थित खेल मैदान स्टेडियम निर्माण की सारी शर्तों को पूर्ण करता है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालयों में स्थित खेल मैदान में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

नियुक्ति करना

*613. श्री जीवेश कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत जाले प्रखण्ड के रेवढ़ा स्थित मदरसा नुरूल इस्लाम में मौलवी प्रद पर कार्य के दौरान मो0 नसीम अख्तर की मौत दिनांक 18 सितम्बर, 2015 को हो गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि मृतक नसीम अख्तर के आश्रित पुत्र मो0 मिनतुल्लाह ने अनुकम्पा के आधार पर मदरसा में नियुक्ति के लिए 24 नवम्बर, 2017, 29 जनवरी, 2018 तथा 21 मार्च, 2018 को अध्यक्ष, बिहार राज्य मदरसा बोर्ड को आवेदन किया, परन्तु अभीतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक मौलवी नसीम अख्तर की मृत्यु के बाद उनके आश्रित पुत्र मो0 मिनतुल्लाह को अनुकम्पा के आधार पर मदरसा नुरूल इस्लाम में नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पदस्थापन करना

*614. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा प्रखंड में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का पद एक साल से रिक्त है, जिसके कारण विभागीय कार्य ससमय निष्पादन नहीं हो राह है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड में बाल विकास परियोजना का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

कमरों का निर्माण कराना

*615. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि आरा (भोजपुर) जिला के चरपोखरी प्रखंड के मलौर पंचायत के ग्राम मलौर मे स्थित राजकीय उच्च विद्यालय के दो कमरों का भवन निर्माण का कार्य वर्ष 2016 में कराया गया है तथा शेष 8 कमरों का निर्माण नहीं किया गया है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय भवन के शेष 8 कमरों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अधियाचना भेजना

*616. श्री आलोक कुमार मेहता--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान, पटना द्वारा दिनांक 23 नवम्बर, 2018 को निदेशक पद की नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया है, जिसमें उम्र सीमा का स्पष्ट उल्लेख नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि संस्थान में नियुक्ति नियमावली 2017 मे प्रावधान है कि बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा अनुशंसित पैनल से ही निदेशक की नियुक्ति की जाएगी, लेकिन विज्ञापन की प्रक्रिया स्वयं संस्थान के द्वारा की गई;

(3) क्या यह बात सही है कि संस्थान में निदेशक की नियुक्ति हेतु राज्य सरकार से अनुमोदन प्राप्त नहीं किया गया ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त संस्थानों द्वारा विज्ञापित निदेशक पद की नियुक्ति को रद्द कर बिहार लोक सेवा आयोग को अधियाचना भेजने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

स्टेडियम का निर्माण कराना

*617. श्री चन्दन कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अलौली प्रखंड के एम०एस० कॉलेज रोड, अलौली के खेल मैदान में स्टेडियम निर्माण हेतु जिला स्तर से सारी जमीनी एवं स्थलीय प्रक्रिया कर सरकार को दो वर्ष पूर्व स्टेडियम निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजा गया था, परन्तु अभीतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त खेल मैदान में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

महाविद्यालय खोलना

*618. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत बारून प्रखण्ड में एक भी अंगीभूत महाविद्यालय नहीं है, जिससे प्रखण्ड के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखण्ड में अंगीभूत महाविद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

विद्यालय खोलना

*619. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला में अनु० जाति एवं अनु0 जन-जाति आवासीय उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नहीं रहने के कारण अनु0 जाति एवं अनु0 जन-जाति के छात्र/ छात्राओं को माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा से वंचित रहना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जिला मुख्यालय में अनु0 जाति एवं अनु0 जन-जाति आवासीय माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन निर्माण कराना

*620. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि आरा (भोजपुर) जिला के अगियांव प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम-भलुनी में प्राथमिक विद्यालय के भवन निर्माण कराने हेतु 8 वर्ष पूर्व राशि उपलब्ध करायी गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन का निर्माण नहीं होने के फलस्वरूप उपलब्ध करायी गयी राशि को पुन: विभाग में वापस कर दिया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि भवन के अभाव में बच्चे खुले आसमान के नीचे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्यालय भवन का निर्माण कराना

*621. श्रीमती एज्या यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अन्तर्गत पटोरी प्रखंड के ताराधमौन पंचायत के ''राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, ताराधमौन'' का भवन करीब 10 वर्षों से जर्जर है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में असुविधा का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

उत्क्रमित करना

*622. श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखण्ड-शिवसागर के पंचायत सिलारी में सरकारी उच्च विद्यालय नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत में उच्च विद्यालय नहीं होने के कारण यहां के छात्र-छात्राओं को माध्यमिक स्तर के शिक्षा प्राप्त करने के लिये 10 कि० मी० दूर जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मध्य विद्यालय सिलारी को उच्च विद्यालय मे उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन का निर्माण

*623. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला सीवान के प्रखंड बसंतपुर में स्थित निबंधन कार्यालय का भवन जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक निबंधन कार्यालय के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन निर्माण कराना

*624. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरसोई अनुमंडल का निबंधन कार्यालय के भवन को विभाग द्वारा परित्यक्त भवन घोषित कर दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त निबंधन कार्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों नहीं ?

-------------

नियोजन करना

*625. श्री मोहम्मद नवाज आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार मे उर्दू स्पेशल टी०ई०टी० परीक्षा, 2013 के शिक्षक नियोजन की उत्तीर्णता का आधार अंक 60 प्रतिशत था, लेकिन उर्दू अभ्यर्थियों को अपेक्षाकृत कम अंक आया, जिससे बड़ी संख्या में उर्दू शिक्षकों की नियोजन सीट खाली रह गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि शिक्षा विभाग, बिहार के अपर मुख्य सचिव, पटना ने पत्रांक 7/विविध-14-64/2014-215, दिनांक 7 फरवरी, 2019 द्वारा सचिव, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार को पत्र लिखा गया जिसमें उर्दू शिक्षकों की बहाली के लिये निर्धारित 60 प्रतिशत प्राप्तांक में से 5 प्रतिशत की छूट के लिये भारत सरकार से अनुरोध किया गया था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उर्दू शिक्षकों को निर्धारित प्राप्तांक से 5 प्रतिशत छूट देकर नियोजन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

निर्माण कार्य पूर्ण कराना

*626. श्री चन्द्रशेखर--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2003-04 में सहरसा जिला मुख्यालय में 3 करोड़ की लागत से एक बहुउद्देशीय स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति दी गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक स्टेडियम निर्माण का कार्य अधूरा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अधूरे निर्माण कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्यालयों का भवन निर्माण कराना

*627. श्री विद्या सागर सिंह निषाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोरवा प्रखंड के उच्च विद्यालय, सोंगर में 890 विद्यार्थी एवं उच्च विद्यालय, मोरवा-रायटोली में 820 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, लेकिन भवन के अभाव में बच्चों को पठन-पाठन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालयों के भवनों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई

*628. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि संदेश विधान सभा के चेला गाँव में वार्ड नं० 14 हरिजन टोली में जाली प्रमाण-पत्र के आधार पर सेविका के पद पर नियुक्ति की गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इसकी जाँच कराकर दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक है। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, भोजपुर के पत्रांक 1037, दिनांक 27 जून, 2019 से प्रतिवेदित किया गया है कि संदेश विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम-चेला पंचायत कोरी वार्ड सं०14 में आँगनबाड़ी सेविका/सहायिका का चयन किया जाना था। उक्त वार्ड में बाहूल्य वर्ग अनुसूचित जाति का है। अनुसूचित जाति के अन्तर्गत मेधा सूची में प्रथम स्थान की आवेदिका श्रीमती फुल कुमारी, पति-मुन्ना कुमार, दूसरे स्थान की आवेदिका श्रीमती निशा देवी, पति-चन्दन कुमार एवं तीसरे स्थान की आवेदिका श्रीमती आशा देवी, पति-विटेश्वर राम थे।

महिला पर्यवेक्षिका विद्यावति कुमारी एवं श्रीमती पिंकी देवी वार्ड सदस्य वार्ड सं०14 के हस्ताक्षर से मेधा सूची के प्रथम स्थान की आवेदिका फुल कुमारी को चयन पत्र निर्गत किया गया ।

उक्त चयन पत्र के विरुद्ध मेधा सूची के तीसरे स्थान की आवेदिका श्रीमती आशा देवी द्वारा यह आरोप लगाया गया कि श्रीमती फुल कुमारी का शैक्षणिक प्रमाण-पत्र माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश का है जो फर्जी है। जिसकी जाँच बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, संदेश के साथ-साथ जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, भोजपुर के पत्रांक 587, दिनांक 28 मार्च, 2019 द्वारा माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश को जाँच हेतु पत्र भेजा गया। अतएव यह मामला कार्रवाई योग्य नहीं है। पुनः जिला प्रोग्राम पदाधिकारी के पत्रांक 906, दिनांक 11 जून, 2019 के द्वारा विशेष दूत को प्राधिकृत कर जाँच हेतु संबंधित बोर्ड को भेजा गया । सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद् क्षेत्रीय कार्यालय, वाराणसी, उत्तर प्रदेश के पत्रांक 459, दिनांक 15 जून, 2019 से प्रमाण-पत्र के संबंध में इस आशय का-प्रतिवेदन दिनांक 24 जून, 2019 को प्राप्त हुआ की श्रीमती फुल कुमारी का प्रमाण-पत्र फर्जी है।

उक्त के आलोक में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, भोजपुर द्वारा चयनित सेविका श्रीमती फुल कुमारी को नियमानुसार चयनमुक्त करने का निदेश बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, संदेश, भोजपुर को दिया गया है ।

------------

चहारदीवारी का निर्माण

*629. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के चोरौत प्रखंड में उ० वि० की चहारदीवारी नहीं रहने के कारण विद्यालय में असामाजिक तत्वों एवं आवारा पशुओं का आवागमन होता रहता है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*630. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखण्ड स्थित भेजा पंचायत के ललबा (रही) टोला में स्थित प्राथमिक विद्यालय का भवन 1987 की बाढ़ में ध्वस्त हो जाने के कारण विद्यालय पूरी तरह भवनहीन हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

दोषियों पर कार्रवाई

*631. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत पतरघट प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पतरघट में वर्ष 2018-19 तक महादलित परिवार के एक भी बच्चा को पोशाक राशि एवं छात्रवृत्ति का वितरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पतरघट के महादलित वर्ग के छात्रों को पोशाक एवं छात्रवृत्ति राशि वितरण करते हुये दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ऋण मुहैया कराना

*632. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि स्नातक स्तर की तकनीकी एवं गैर-तकनीकी शिक्षा हेतु आर्थिक रूप से कमजोर छात्र/छात्राओं को बिहार एवं बिहार से बाहर शिक्षा प्राप्त करने हेतु वित्त निगम द्वारा ''स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड योजना'' के माध्यम से अधिकतम 4 लाख ऋण की व्यवस्था की गयी है, जबकि स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई हेतु आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं के लिये ऋण की व्यवस्था नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो सरकार स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई हेतु ऋण मुहैया कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अतिक्रमण मुक्त कराना

*633. श्री यदुवंश कुमार यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के निर्मली अनुमंडल मुख्यालय अवस्थित एक मात्र उच्च विद्यालय, निर्मली के खेल मैदान की जमीन का अतिक्रमण कर मकान का निर्माण कर लिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक विद्यालय स्थित खेल मैदान की अतिक्रमित भू-खंड को अतिक्रमण मुक्त करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय का निर्माण

*634. श्री राजू तिवारी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा वर्ष 2010 में निर्णय लिया गया है कि प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में एक उच्च विद्यालय का निर्माण किया जायेगा;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत संग्रामपुर प्रखंड के पश्चिमी संग्रामपुर एवं दक्षिणी बरियरिया पंचायत में उच्च विद्यालय नहीं है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पंचायतों में उच्च विद्यालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री-- (1) आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि विभागीय संकल्प संख्या 1021, दिनांक 5 जुलाई, 2013 के द्वारा माध्यमिक विद्यालयविहीन ग्राम पंचायतों में उच्च माध्यमिक विद्यालयों की स्थापना किये जाने का नीतिगत निर्णय संसूचित है ।

(2) स्वीकारात्मक है ।

(3) राज्य सरकार के उक्त संकल्प को सम्यक् रूप से लागू करने हेतु माध्यमिक विद्यालयविहीन पंचायतों का सर्वेक्षण कराया जा रहा है । सर्वेक्षण के फलाफल के अनुरूप वैकल्पिक व्यवस्था के तहत उच्च माध्यमिक विद्यालय (वर्ग-9) का संचालन प्रत्येक पंचायत में अप्रील, 2020 में प्रारंभ किया जायेगा ।

---------

सीट बढ़ाने का औचित्य

*635. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा राज्य के 889 शैक्षणिक संस्थानों में इंटरमीडिएट कक्षा में नमांकन हेतु वर्ष 2019 में 81,300 सीटें बढ़ाई गयी हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत दो वर्षों से इंटरमीडिएट विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हुयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो शिक्षक नियुक्त किये बिना इंटरमीडिएट विद्यालय में सीटें बढ़ाये जाने का क्या औचित्य है ?

---------

विद्यालय की स्थापना

*636. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत चकाई प्रखंड के डढ़वा पंचायत के ग्राम-लोधना एवं ठाढ़ी पंचायत के ग्राम-नौकाडीह में विद्यालय नहीं रहने से छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँवों में विद्यालय की स्थापना कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

शिक्षकों का पदस्थापन

*637. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखंड के राजगाँव एवं रामनगर अठनियाँ ग्राम में स्थित उच्च विद्यालय में छात्र-छात्राओं के अनुपात में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति नहीं है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के अनुपात में शिक्षकों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पटना :
दिनांक 9 जुलाई, 2019 (ई०) ।

बटेश्वर नाथ पाण्डेय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि० स० मु०-30, (एल० ए०), 2019-20--डी० टी० पी०--550--